RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 07 जून 2025 | वर्ष 07 | अंक 49 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

मुंबई : मंत्री छगन भुजबल और उनके बेटे पंकज को विदेश यात्रा की अवधि बढ़ाने की अनुमति...



Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

### नासिक पवार का, रायगढ़ हमारा !

# पालकमंत्री के लिए शिंदे गुट का फामूर्ला, अजित को होगा स्वीकार ?



**मुंबई:** महाराष्ट्र की महायुति सरकार में रायगढ़ और नासिक जिले के पालक मंत्री पद को लेकर घमासान खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है। उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के दावे की वजह से इन दोनों सीटों पर अभी तक कोई फैसला नहीं हो पाया है। लेकिन आगामी तीन-चार महीनों में होनेवाले निकाय चुनावों की पृष्ठभूमि में शिवसेना शिंदे गुट कुछ नरमी बरतने को तैयार हुआ है।

शिवसेना की ओर से समझौते के लिए एक प्रस्ताव दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार शिंदे गुट नासिक पर दावा छोड़ने को तैयार हो गया है लेकिन रायगढ़ पर अपना दावा जारी रखा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार ने बीजेपी नेता व मंत्री गिरीश महाजन को नासिक का तो वहीं अजित की राकां की मंत्री अदिति तटकरे को रायगढ़ जिले का पालक मंत्री घोषित किया था। लेकिन शिवसेना (शिंदे गुट) के विरोध की वजह से सीएम फडणवीस ने इस निर्णय को स्थगित कर दिया था।

**नासिक-रायगढ़ पर हो रहा खेला**

शिवसेना (शिंदे गुट) से मंत्री दादा भुसे नासिक का पालक मंत्री बनना चाहते हैं जबकि रायगढ़ से शिवसेना (शिंदे गुट) के ही मंत्री भरत गोगावले पालक मंत्री पद के लिए ताल ठोक रहे हैं। निर्णय में देरी की वजह से नाराज गोगावले, राकां (अजित पवार) के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुनील तटकरे पर अब तक कई बार तीखे हमले कर चुके हैं। जवाब में तटकरे व राकां की ओर से भी जबरदस्त पलटवार होता रहा है।

**महायुति सरकार की हो रही किरकिरी**

गोगावले और तटकरे के बीच जारी वाकयुद्ध की वजह से महायुति सरकार की किरकिरी हो रही है और विपक्ष को सरकार पर हमला बोलने का अवसर मिल रहा है। ऐसे में आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए शिवसेना ने पालक मंत्री पद के विवाद को सुलझाने का फामूर्ला महायुति में रखा है। इस बारे में गोगावले ने कहा है कि रायगढ़ जिले में शिवसेना संख्याबल के मामले में सरस है। इसलिए शिवसेना के वर्चस्व को देखते हुए रायगढ़ शिवसेना को दे दिया जाए। जबकि नासिक जिले का पालकमंत्री का अजित की राकां को दिया जा सकता है।

शिवसेना के नए फामूर्ले से गेंद बीजेपी और अजित के पाले में आ गई है। क्योंकि एक तरफ सुनील तटकरे के लिए रायगढ़ प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया है। वहीं दूसरी तरफ नासिक के पालक मंत्री घोषित किए गए मंत्री गिरीश महाजन, सीएम फडणवीस के करीबी नेता माने जाते हैं। तो बीजेपी, महाजन को हटा कर राकां के लिए पालकमंत्री का पद छोड़ेगी, यह भी सवाल है।

# उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे को लेकर दिया बड़ा बयान, मुंबई और बीजेपी के लिए समझिए मायने...



**मुंबई:** उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राज ठाकरे की पार्टी से गठजोड़ को लेकर जब सवाल पूछा गया तो इसपर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के दिल में जो होगा, वही होगा. उन्होंने कहा कि शिवसैनिकों के दिल में कोई भ्रम नहीं है. टठर के दिमाग में भी कोई भ्रम नहीं है. हम कोई संदेश नहीं देंगे, हम सीधे खबर देंगे.

**उद्धव और राज ठाकरे क्या चाहते हैं**

इस बयान ने एक बात तो साफ कर दी है ठाकरे परिवार अपनी खोई ताकत को एकजुट करने के लिए अभी भी बातचीत कर रहा है. राज ठाकरे की पहल पर ही ये बातचीत शुरू हुई थी. मगर काफी समय से इसे लेकर कोई सूचना नहीं आने से लग रहा था कि कहीं न कहीं पेंच फंस गया है. हालांकि, उद्धव ठाकरे के बयान से साफ जाहिर है कि दोनों पक्षों में बातचीत सकारात्मक चल रही है. हालांकि, दोनों किसी तरह की जल्दबाजी में नहीं हैं. कारण, दोनों को अपने कद के हिसाब से पावर चाहिए.

**बीजेपी को मुंबई में क्या नुकसान होगा**

हाल ही में सार्वजनिक हुए बीजेपी के आंतरिक सर्वे में दावा किया गया है कि इस गठबंधन से बीजेपी की चुनावी संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा. बीजेपी ने बृहन्मुंबई नगर निगम के साथ-साथ पुणे और ठाणे सहित अन्य प्रमुख नगर निकायों के चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है. बीजेपी ने मुंबई में चुनाव को देखते हुए उद्धव ठाकरे-राज ठाकरे के बीच गठबंधन की अटकलों के बीच उसके प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए एक विस्तृत सर्वेक्षण किया.

**मराठी मतदाता किसका साथ देंगे**

बीजेपी पदाधिकारी ने बुधवार (4 जून) को कहा, ''सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि बीजेपी तीन प्रमुख कारकों के कारण मुंबई में एक मजबूत स्थिति बनाए रखेगी. तीन प्रमुख कारक हैं- अपने पारंपरिक मतदाता आधार का विश्वास, पीएम मोदी और अमित शाह का नेतृत्व और पिछले राज्य विधानसभा चुनावों में पार्टी का मजबूत प्रदर्शन. ''उन्होंने कहा, ''पारंपरिक मराठी मतदाता आधार वाले क्षेत्रों में भी, बीजेपी का समर्थन स्थिर है. सर्वेक्षण से पता चलता है कि ठाकरे भाइयों के बीच गठबंधन से पार्टी की सीट संख्या पर प्रभाव नहीं पड़ेगा.'' सर्वे में दावा किया गया है कि 2022 में शिवसेना में विभाजन के बाद, मुंबई में उद्धव ठाकरे का प्रभाव कम हो गया है, पार्टी के लगभग आधे नगरसेवक एकनाथ शिंदे के साथ चले गए हैं और राज ठाकरे का प्रभाव भी कम हो चुका है.

## मुंबई को पानी देने वाली झीलों में कम बारिश... एक दिन में घटा जलस्तर

**मुंबई :** मुंबई को पीने का पानी उपलब्ध कराने वाली सात झीलों के जलग्रहण क्षेत्रों में पिछले 24 घंटों में मात्र 18 मिमी बारिश हुई. इस बारिश के कारण इन सात झीलों में जलस्तर 6 जून 2025 शुक्रवार की सुबह दर्ज किए गए जलस्तर का 11.39 प्रतिशत या 1,64,832 मिलियन लीटर हो गया. चौबीस घंटे पहले, गुरुवार की सुबह, झील का जलस्तर 11.77 प्रतिशत या 1,70,374 मिलियन लीटर था, जबकि शहर को दिन भर में 3,950 मिलियन लीटर पानी की आपूर्ति की गई थी. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लगभग 34 प्रतिशत पानी पारगमन के दौरान नष्ट हो जाता है, और इन सात झीलों की सतह से वाष्पीकरण के कारण अतिरिक्त मात्रा में पानी की हानि भी होती है. एक साल पहले इसी दिन, 6 जून 2024 को, सात झीलों में पानी की मात्रा 6.54 प्रतिशत या 94,656 मिलियन लीटर दर्ज की गई थी.

# मुंबई: मीठी नदी से गाद निकालने के मामले में ईडी की छापेमारी !

## मुंबई-कोच्चि में 15 जगह दबिश




**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को मीठी नदी से गाद निकालने के घोटाले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत महाराष्ट्र और केरल में छापेमारी की। इस घोटाले में बीएमसी को 65 करोड़ रुपये का नुकसान होने की बात कही गई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी मुंबई और कोच्चि में स्थित 15 से अधिक परिसरों में की गई। जांच मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

**बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया भी जद में**

छापेमारी में बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया, बीएमसी के सहायक अभियंता प्रशांत रामुगाड़े और कई ठेकेदारों के घर शामिल हैं। शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के करीबी सहयोगी अभिनेता डिनो मोरिया से पहले ईओडब्ल्यू ने दो बार पूछताछ की थी। ईडी अब अवैध धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए छापेमारी के दौरान जब्त किए गए वित्तीय दस्तावेजों और अन्य सामग्रियों की समीक्षा कर रहा है।

**ईओडब्ल्यू की ओर से दर्ज की गई एफआईआर से निकला मामला**

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारियों और कुछ अन्य के खिलाफ ईडी का मामला मीठी नदी से गाद निकालने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से दर्ज की गई एफआईआर से निकला है। इस घोटाले में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में मीठी नदी से 65 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

**13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया**

ईओडब्ल्यू ने घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए नगर निगम अधिकारियों और ठेकेदारों सहित 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह नदी शहर से होकर अरब सागर में गिरती है। आरोप लगाया गया है कि विशेष ड्रेजिंग उपकरण किराये पर देने की निविदाओं में कुछ आपूर्तिकताओं को लाभ पहुंचाने के लिए हेरफेर किया गया था।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## जनगणना का राजनीतिक असर...

केंद्र सरकार ने बुधवार को घोषणा की है कि अगली जनगणना दो चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में देश के पहाड़ी इलाकों मसलन जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की जनगणना का काम 1 अक्टूबर, 2026 तक पूरा किया जाएगा। दूसरा चरण जिसे 1 मार्च, 2027 तक पूरा किया जाना है उसमें देश के बाकी हिस्सों की जनगणना की जाएगी।

जनगणना का काम मूलतया 2021 में होना था। शुरूआत में इसे कोविड-19 महामारी के कारण टाला गया लेकिन हालात सामान्य होने के बाद भी इसमें देरी क्यों होती रही यह स्पष्ट नहीं है। बहरहाल इस बात का स्वागत किया जाना चाहिए कि सरकार ने जनगणना के लिए एक समयसीमा की घोषणा कर दी है। यह जनगणना 16 वर्षों के अंतराल पर होने जा रही है और इसमें स्वतंत्रता के पश्चात पहली बार विस्तृत जाति जनगणना के आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे। इससे पहले अंतिम जाति जनगणना 1931 में की गई थी।

भारत जैसे तेजी से विकसित होते देश में दशकीय जनगणना अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। लंबे अंतराल को देखते हुए 2027 की जनगणना के आंकड़ों की उत्सुकता से प्रतीक्षा होगी। पिछली जनगणना के बाद से देश काफी बदल चुका है। उदाहरण के लिए देश का सकल घरेलू उत्पाद जो 2011 की जनगणना में करीब 1.8 लाख करोड़ डॉलर था उसके 2027 तक 5 लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। देश में शहरीकरण की गति भी तेज हुई है। नीतिगत उद्देश्यों की बात करें तो ताजातरीन आंकड़ों की सख्त आवश्यकता है। जैसा कि सरकार के एक पूर्व सांख्यिकीविद ने इस समाचार पत्र को बताया, कई सर्वेक्षण जिनका इस्तेमाल करके अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन किया जाता है और नीतियां बनाई जाती हैं, वे अब उतने विश्वसनीय नहीं रहे क्योंकि वे यह काम 2011 की जनगणना के आधार पर कर रहे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok
ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई: पर्यावरण बजट 17,066.12 करोड़ रुपये और राजस्व व्यय के लिए 3,268.97 करोड़ रुपये का प्रावधान



**मुंबई:** महाराष्ट्र के मुंबई में पर्यावरण सुरक्षा के लिए बीएमसी कई कदम उठा रही है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बीएमसी की अडिशनल कमिश्नर डॉ. अश्विनी जोशी 'पर्यावरण बजट रिपोर्ट- 2025-26 पेश किया। यह पिछले वर्ष के पर्यावरण बजट की तुलना में लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। पर्यावरण बजट 2025-26 में पूंजीगत व्यय के लिए 17,066.12 करोड़ रुपये और राजस्व व्यय के लिए 3,268.97 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। दोनों को मिलाकर इस वर्ष का पर्यावरण बजट 20 हजार करोड़ रुपये पार कर गया है। डॉ. जोशी ने कहा कि पर्यावरण बजट में पूंजीगत और राजस्व व्यय में वृद्धि की गई है। इसके साथ ही घरेलू स्वच्छता और घरों से सेनेटरी पैड जैसे विशेष कचरे को उठाने जैसी पहल लागू की जा रही है। मुंबई में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया जा रहा है। जोशी ने मुंबईकरों से कपड़े या कागज के थैलों का उपयोग करने की अपील की है।


**दुनिया का चौथा शहर बना**

पर्यावरण बजट 2025-26 भायखला में वीरमाता जीजाबाई भोसले वनस्पति उद्यान और चिड़ियाघर के पेंग्विन सभागार में आयोजित विमोचन समारोह में किया गया। मुंबई उ-40 शहरों की पहल का भी हिस्सा है, जो पर्यावरण बजट तैयार करने के लिए वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है। इससे पहले ओस्लो, लंदन और न्यूयॉर्क प्रशासन पर्यावरण बजट रिपोर्ट प्रकाशित कर चुके हैं। मुंबई ऐसी रिपोर्ट प्रकाशित करने वाला दुनिया का चौथा शहर बन गया है।

## पर्यावरण बजट की मुख्य बातें:

1. बजट में पूंजीगत व्यय के लिए 17,066.12 करोड़ रुपये और राजस्व व्यय के लिए 3,268.97 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।
2. BMC के कुल पूंजीगत बजट अनुमान 43,162.23 करोड़ रुपये में से 16,321.33 करोड़ रुपये (37.81 प्रतिशत) का प्रावधान पर्यावरण को बेहतर करने से संबंधित है।
3. यह वृद्धि सात नए विभागों द्वारा जलवायु अनुकूल करने, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के बजट में वृद्धि और बीएमसी के 20 मुख्य विभागों द्वारा नई पहल के कारण हुई है।
4. बजट में जलवायु अनुकूल करने पर खर्च के लिए 5.63 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।
5. मुंबई क्लाइमेट ऐक्शन प्लान से संबंधित अन्य पूंजीगत कार्यों (जैसे, प्रमुख निर्माण परियोजनाओं में शामिल स्ट्रॉम वाटर ड्रेनेज लाइन, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जैसे कार्य) के लिए 3,074.08 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# मुंबई : मंत्री छगन भुजबल और उनके बेटे पंकज को विदेश यात्रा की अवधि बढ़ाने की अनुमति...



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल और उनके बेटे पंकज को एक अदालत ने इस पहलू पर विचार करने बाद विदेश यात्रा की अवधि बढ़ाने की अनुमति दे दी कि अप्रैल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई कार्यालय में आग लगने से उनके पासपोर्ट क्षतिग्रस्त हो गए थे। भुजबल और पंकज ने यात्रा की तारीख बढ़ाने की मांग करते हुए अपनी याचिकाओं में दावा किया कि इस क्षति के कारण नए ''तत्काल'' पासपोर्ट के लिए तत्काल आवेदन करना आवश्यक हो गया।

दोनों फिलहाल धन शोधन के एक मामले में जमानत पर हैं और उन्हें बंबई उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार विदेश यात्रा के लिए निचली अदालत (पीएमएलए) की अनुमति लेनी होगी। विशेष अदालत ने 29 अप्रैल को विदेश यात्रा के लिए उनकी याचिका स्वीकार कर ली थी। याचिका में ईडी द्वारा रखे गए पासपोर्ट को वापस करना भी शामिल था। याचिकाओं के अनुसार, दोनों को 13 मई, 2025 को पासपोर्ट प्राप्त हुए, लेकिन 27 अप्रैल को ईडी के मुंबई कार्यालय में आग लगने के कारण उन्हें मिले ये पासपोर्ट 'गीले' और 'फटे' हुए थे।

दक्षिण मुंबई में ईडी की कैसर-ए-हिंद बिल्डिंग में 27 अप्रैल की सुबह भीषण आग लग गई थी। लगभग 12 घंटे के अभियान के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग और उससे हुए नुकसान के कारण नए 'तत्काल' पासपोर्ट के लिए तत्काल आवेदन करना जरूरी हो गया।

अदालत को बताया गया कि नए पासपोर्ट प्राप्त करने में देरी का मतलब है कि वे केवल 22 मई को ही अपना वीजा प्राप्त कर सके, जो 28 मई, 2025 से वैध हुआ। याचिका में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप भुजबल अपनी मूल योजना के अनुसार 24 मई, 2025 से 8 जून, 2025 तक की यात्रा शुरू करने में असमर्थ हैं। अदालत को बताया गया कि उनकी यात्रा 28 मई को शुरू हुई।

इन अप्रत्याशित कठिनाइयों का हवाला देते हुए, भुजबल ने अपनी यात्रा की अवधि 12 जून, 2025 तक बढाज़े की मांग की। अभियोजन पक्ष ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि भुजबल के फरार होने की पूरी संभावना है, जिससे मुकदमे में देरी हो सकती है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के विशेष न्यायाधीश एस. आर. नवंदर ने दो जून के अपने आदेश में कहा कि आरोपी को पहले ही विदेश यात्रा की अनुमति दी जा चुकी है। अदालत ने यह स्वीकार करते हुए कि ईडी के कब्जे में उनके पासपोर्ट क्षतिग्रस्त हो गए हैं, यात्रा की तारीखों को आगे बढ़ाने की याचिका को स्वीकार कर ली। राकंपा नेता छगन भुजबल ने 20 मई को महाराष्ट्र सरकार में मंत्री के रूप में शपथ ली थी।

# सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत 6 लोगों की मौत...!




**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक में हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों समेत छह लोगों की मौत हो गई। हादसे में मरने वाले दो बच्चे भी हैं। दरअसल तेज रफ्तार कार सड़क किनारे स्थित एक घर से टकरा गई, जिसमें लोगों की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि सड़क हादसा कोल्हापुर फाटा की कलवान तालुका में हुआ।

**परिवार के पांच लोगों समेत छह की मौत**

पुलिस ने बताया कि सतना के नामपुर का रहने वाला एक परिवार नासिक में अपने रिश्तेदारों के यहां शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर नासिक-कलवान रोड पर स्थित एक घर से टकरा गई। एक ही परिवार के चार लोगों समेत पांच लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और एक बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की पहचान शैला वसंत भदान (62), उनकी बेटी माधवी मेतकर (32), पोती त्रिवेणी मेतकर (4), और इनकी रिश्तेदार सरला बालचंद्र भदान (50) और कार के ड्राइवर खालिक महमूद पठान (50) की मौके पर ही मौत हो गई।

# मुंबई : कांदिवली में बिहारी ने मराठी शख्स की जान बचाई

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजनीति में हमने कई बार परप्रांतीय का मुद्दा देखा है, कई बार हिंदी मराठी भाषा का विवाद भी होते देखा है. इसी सब राजनीति से ऊपर मानवता है इसका उदाहरण मुंबई के कांदिवली इलाके में देखने को मिला, जहां एक बिहारी ने मराठी शख्स की जान बचाई वो भी उस समय जब वो एक सड़क हादसे में खून से लतपत दर्द से कराह रहा था.

सुनील डाफले, जो कि मराठी हैं और मुंबई से सटे मीरारोड इलाके में रहते हैं. सुनील पेशे से एक प्राइवेट कंपनी में एक्सेल शीट का काम करते हैं. 29 मई की रात वो अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांदिवली इलाके में आये थे और कार्यक्रम से निकल कर देर रात अपने घर मीरारोड वापस जा रहे थे उसी समय उनकी बाइक स्पीड ब्रेकर पर फिसल गई और उनका भयानक सड़क हादसा हो गया.

**गुजर रहे शख्स ने उनकी बचाई जान**

सुनील ने बताया कि उनके सर पर चोट लग गई थी, उनका बहुत ही खून बह रहा था उल्टी हो रही थी और उसी समय वहां से गुजर रहे शख्स ने उनकी जान बचाई. सुनील ने आगे कहा कि एक बाइक पर पति पत्नी सवार थे उनकी पत्नी गर्भवती हैं, इसके बावजूद वो वहां रुके उन्होंने मेरा खून साफ किया मेरी उल्टी साफ की और उढफदिया. इतना ही नही मुझे लेकर अस्पताल भी गए और मेरे घर वालों को सूचित भी किया.

सुनील ने बताया कि, डॉक्टर ने कहा कि खून ज्यादा बह रहा था और ब्लड क्लॉट भी हो सकता था जिससे जान को भी खतरा था. वो पति पत्नी भगवान का रूप लेकर



मेरे पास आये और उन्होंने मेरी जान बचाई.

**'एक भारतीय की जान एक भारतीय ने बचाई'**

सुनील ने आगे कहा कि राजनेता अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए ऐसे मुद्दे उठाते हैं पर यहां जब मैं जख्मी अवस्था में था उस समय मुझसे किसी ने किस राज्य से हो क्या नाम है कुछ नहीं पूछा और मेरी मदद की और उनकी बदौलत मैं जिंदा हूँ. मैं इतना ही कहूंगा कि एक भारतीय की जान एक भारतीय ने बचाई. आपको बता दें कि मनीष कुमार सोनी जो कि एक निजी कंपनी में कंटेंट प्रोड्यूसर है उनकी पत्नी स्वेता सोनी गर्भवती हैं और दोनों ही बिहार के पटना के रहने वाले हैं.

**'108 पर कॉल कर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की पर किसी ने जवाब नहीं दिया'**

स्वेता गर्भवती है और इसी वजह से उसको कभी कभी कुछ चटपटा खाने का मन होता है, जिसकी वजह से उस दिन हम देर रात घर से निकले और हमारे सामने हमने एक्सीडेंट होता देखा. स्वेता ने कहा तुरंत मदद कीजिए. मैं उस शख्स के पास गया पानी से उनका खून साफ किया और उस समय मुझे उनकी जान बचानी थी तो उस समय मुझे जो कुछ समझ आया मैंने वो सब किया. उस समय मैने 108 पर कॉल कर एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की पर किसी ने जवाब नहीं दिया, फिर मैंने 102 पर कॉल किया वहां कहा गया कि 108 पर कॉल करिए. फिर मुझे लगा कि ये सब करने से समय बर्बाद होगा और हमने वहां लोगों की मदद ली और उन्हें एक ऑटो रिक्शा में बैठाया. मनीष ने आगे कहा कि हम उन्हें शताब्दी अस्पताल लेकर गए, स्वेता ने बताया कि मैंने तुरंत उनके बाइक से चाबी निकाल ली और लोगों की मदद से उस बाइक को पास में पार्क करवाया, उस इलाके को मैं जानती हूं इस वजह से हमने तय किया कि शताब्दी सबसे नजदीक है और वहां लेकर गए. स्वेता ने कहा कि उनका फोन मेरे पास था हमने इमरजेंसी नंबर पर कॉल किया और वो कॉल उनकी फॅमिकी के सदस्य को लगा, हमने उन्हें जानकारी दी और उसके बाद परिवार से पूरा संपर्क करते रहे और उन्हें अपडेट देते रहे.

मनीष ने आगे कहा कि यह देश मेरा है और मैं कहीं भी रह सकता हूँ और मेरा मानना है कि यहां मानवता सबसे बड़ी चीज है और मैंने जो भी इस तरह की राजनीति देखी है वो नेताओं के भाषण में या तो फिर न्यूज चैनल में. मेरे सर्कल में भी मुझे कभी परप्रांतीय होने का अहसास नहीं हुआ और किसी को होना भी नहीं चाहिए. हमे राजनीति करने वालों की बातों से हटकर मानवता को हमेशा प्राथमिकता देनी चाहिए.

# मुंबईः नकली एप के जरिये ठगते थे; वसोर्वा से आरोपी गिरफ्तार



**मुंबईः** पुलिस ने तकनीकी संसाधनों की मदद से आरोपी स्वराज जितेन्द्र कथिन (30 वर्ष), निवासी वसोर्वा, अंधेरी वेस्ट, मुंबई को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। आरोपी और उसके साथी व्हाट्सएप पर शेयर मार्केट के नाम पर ग्रुप बनाकर निवेशकों को जोड़ते थे और एक नकली एप के जरिये पैसे निवेश करवाकर उन्हें ठगते थे। शुरूआती रिटर्न देकर भरोसा दिलाते और फिर मोटी रकम हड़प लेते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी के सहयोगियों के बारे में जांच जारी है और जल्द ही अन्य खुलासे होने की संभावना है। रातानाडा थाना, जोधपुर पुलिस के अनुसार 10 जुलाई 2024 को ईस्ट पटेल नगर निवासी कालूदास रांकावत ने रिपोर्ट दी थी कि वह एक व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ा था, जो शेयर मार्केट से जुड़ी जानकारी देता था। ग्रुप में रोजाना 2-3 शेयरों के बारे में बताया जाता था, जिनमें 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का दावा किया जाता था। शुरूआती लाभ मिलने पर परिवादी ने अपस्टॉक्स नाम की ट्रेडिंग एप के जरिये 25.30 लाख रुपये निवेश कर दिए, जिसमें से एक बार 10 लाख रुपये वापस भी मिले।

बाद में जब उन्होंने दोबारा विड्रॉल करने की कोशिश की तो पैसे नहीं मिले। एप में बैलेंस 71 लाख रुपये दिख रहा था, जिसे फर्जी आईपीओ में समायोजित कर दिया गया। नए आईपीओ में भारी निवेश के लिए दबाव बनाया गया और इसी दौरान उन्हें शक हुआ कि यह एप नकली है। जांच करने पर पता चला कि असली अपस्टॉक्स एप का रंग अलग है और ग्रुप के अन्य सदस्यों से संपर्क करने पर फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई।

# मुंबई : रेलटेल को 274 .40 करोड़ का अनुमानित ऑर्डर

## 4 सितंबर, 2036 तक पूरा करने का टारगेट

**मुंबई :** रेलवे के शेयरों से जुड़ी कंपनी रेलटेल को आज 2 बड़ी खुशियां मिली है। आज के बाजार के कारोबार में रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के शेयरों में 4 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त हासिल की है। ये उछाल कंपनी को महाराष्ट्र सरकार के द्वारा मिलने वाले ऑर्डर के बाद आयी है।

दरअसल महाराष्ट्र सरकार के महाराष्ट्र मोटर वाहन विभाग से लैटर ऑफ इंटेंट का ऑर्डर मिलने के बाद कंपनी के शेयर मार्केट में सरपट दौड़ते हुए दिखे हैं। कंपनी ने एक रेग्यूलेटरी फाइलिंग में ये जानकारी दी है कि इस ऑर्डर का अनुमानित साइज 274.40 करोड़ है। पर्चेस ऑर्डर जारी होने के बाद ही आखिरी कॉन्ट्रैक्ट अमाउंट की पुष्टि की जा




सकती है।

**ट्रैफिक सिस्टम का काम**

इस कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत, रेलटेल विदर्भ सर्कल के अलग-अलग एक्सीडेंट प्रोन यानी ब्लैकस्पॉट और सेंसेटिव जगहों पर 10 सालों की अवधि के लिए एक इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम यानी आईटीएमएस को डिजाइन, लागू, संचालित और उसका रखरखाव कर सकती हैं। इस प्रोजेक्ट को 4 सितंबर, 2036 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है।

**डेटा सेंटर के लिए नई पार्टनरशिप**

साथ ही, रेलटेल ने एक ओपन टेंडर प्रोसेस के माध्यम से टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी को अपना मैनेज्ड सर्विस डेटा सेंटर पार्टनर चुना है। ये पार्टनरशिप रेवेन्यू शेयरिंग के आधार पर रहने वाला है।

**शेयरों का हाल**

इन सभी घटनाक्रमों के बीच में तकरीबन 2 बजे रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के शेयर 3.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 458.40 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे। साल 2025 की शुरूआत से अब तक स्टॉक में 12 प्रतिशत से ज्यादा का उछाल आ चुका है।

**नोएडा में भी बनेगा 10 मेगावॉट का डेटा सेंटर**

टेक्नो इलेक्ट्रिक की डिजिटल प्लेटफॉर्म यूनिट टेक्नो डिजिटल, रेलटेल की नोएडा स्थित जमीन पर चरणबद्ध तरीके से एक 10 मेगावॉट का डेटा सेंटर की फंडिंग करेगी, बनाएगी, डिजाइन करेगी और ऑपरेट करेगी। कंपनी ने पहले एक प्रेस नोट में ये साफ किया था कि ये प्रोजेक्ट एलओआई में तय कुछ शर्तों के पूरा होने और फॉर्मल कॉन्ट्रेक्ट पर साइन के अंतर्गत है।

# श्रीनगर : कटड़ा से श्रीनगर तक दौड़ गई वंदेभारत

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। सालों का सपना आज पूरा हुआ। कटड़ा से श्रीनगर तक वंदेभारत दौड़ गई। अब यात्री कश्मीर से कन्याकुमारी तक ट्रेन से सफर कर सकेंगे। लेकिन लोगों को वंदे भारत में सफर के दौरान सुरक्षा की भी चिंता सता रही होगी। लेकिन इसके लिए आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। वंदे भारत को अभेद किले की तरह सुरक्षित किया गया है।

रेलवे सुरक्षा बल के कमांडो उडफ्थ्रर को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लाइन पर वंदे भारत ट्रेनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है। उद्घाटन के दौरान कमांडो ट्रेन में मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि ट्रेन यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर वंदे भारत ट्रेन में 15 कमांडो और एक पर्यवेक्षक मौजूद होंगे। इन




इकाइयों को कश्मीर घाटी के बडगाम क्षेत्र तथा रियासी जिले के कटड़ा में तैनात होंगी।

**7 जून से करें ट्रेन में सफर**

उच्च जोखिम वाले सुरक्षा अभियानों, खासकर नक्सली उग्रवाद जैसे खतरों वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने के बाद यह पहली बार है जब कोरस को जम्मू-कश्मीर में तैनात किया गया है। उद्घाटन के बाद यात्री अब 7 जून से वंदे भारत ट्रेन में सफर का आनंद ले सकेंगे। आईआरसीटीसी के जरिए टिकट बुक कर सकेंगे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनें सप्ताह में छह दिन चलेंगी, जबकि मंगलवार को रखरखाव के लिए आरक्षित रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि शुरूआत में ट्रेनें श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा और श्रीनगर के बीच चलेंगी, क्योंकि जम्मूतवी स्टेशन वर्तमान में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के अधीन है। ये ट्रेनें न केवल तेज हैं, बल्कि कश्मीर की चुनौतीपूर्ण जलवायु के लिए भी तैयार की गई हैं।

# महाराष्ट्र : हमें स्थानीय चुनावों में भगवा झंडा फहराना - उपमुख्यमंत्री शिंदे



**पुणे :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थानीय निकाय चुनावों के लिए कमर कसने को कहा। शिंदे ने कहा कि पार्टी को हर गांव में शिवसेना का दफ्तर स्थापित करने के लिए अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा चुनावों में महायुति सरकार को बड़ी सफलता मिली है और अब ध्यान स्थानीय चुनावों पर होना चाहिए। शिंदे ने कार्यकर्ताओं से जोश के साथ कहा कि हमें स्थानीय चुनावों में भगवा झंडा फहराना है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री लड़की बहन योजना पर बोलते हुए उन्होंने साफ किया कि यह योजना बंद नहीं होगी, विपक्ष सिर्फ अफवाह फैला रहा है। वहीं विपक्षी नेताओं के लगातार पाला बदलने पर तंज कसते हुए शिंदे ने कहा कि जिस तरह नेता इधर आ रहे हैं, एक दिन विपक्ष पूरी तरह खाली हो जाएगा।''

# मुंबई : बीजेपी और समाजवादी पार्टी आमने- सामने...

## मंत्री नितेश राणे के बयान पर समाजवादी पार्टी के विधायक और प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने की तीखी टिप्पणी

**मुंबई :** बकरीद से पहले महाराष्ट्र की सियासत का पारा हाई हो गया है. बीजेपी और समाजवादी पार्टी आमने- सामने आ गई है. महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक और प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने और बकरीद को वर्चुअल तरीके से मनाने के मंत्री नितेश राणे के बयान पर तीखी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि भाजपा नेता किरीट सोमैया के पास कोई काम नहीं है. वह समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं. उनके दबाव में आकर पुलिस अदालत के आदेश को कार्यान्वित कर रही है, लेकिन अदालत का आदेश सिर्फ मस्जिदों के लिए नहीं था बल्कि ध्वनि प्रदूषण से संबंधित तमाम कामों के लिए था लेकिन, सिर्फ मुसलमानों के साथ अन्याय हो रहा है. पुलिस कह रही है कि कोर्ट के दबाव में कार्रवाई हो रही है, लेकिन मेरा मानना है कि भाजपा के दबाव में कार्रवाई हो रही है.



सपा नेता ने कहा पूरे देश में लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन सिर्फ मुंबई में ही मस्जिदों पर क्यों कार्रवाई की जा रही है उन्होंने कहा, 2014 से मुसलमानों की तमाम चीजों पर पाबंदी लगाने की कोशिश की जा रही है. ट्रिपल तलाक देख लीजिए, लाउडस्पीकर का मुद्दा देख लीजिए, वक्फ बोर्ड का मुद्दा देख लीजिए, गाय के नाम पर मुसलमान को मारना आम बात हो गई है. सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने दिया जा रहा है. अबू आजमी भाजपा नेता किरीट सोमैया के दबाव में पुलिस द्वारा मुंबई के मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का आरोप लगाते रहे हैं. नितेश राणे के वर्चुअल बकरीद मनाने वाले बयान पर सपा नेता ने कहा, ''1,400 साल से हमारी शरीयत में कुर्बानी की परंपरा है. मंदिरों में भी ऐसी परंपरा है. कुछ छोटे नेता अपना नाम बनाने के लिए नफरती बयान दे रहे हैं. बकरीद पर दी जाने वाली कुर्बानी कोई गैर-मुसलिम नहीं रोक सकता है. इसके अलावा उन्होंने आदित्य ठाकरे के बकरीद वाले बयान पर उन्होंने कहा कि इन लोगों का स्टैंड बदलता रहता है. ये सदन में कहते हैं कि बाबरी मस्जिद हमने गिराई, हम बाबरी गिराने वालों के साथ कैसे जाएं. बता दें कि आदित्य ठाकरे ने कहा था कि त्योहार कैसे मनाया जाएगा, यह तय करना सरकार का काम नहीं है. साथ ही साथ अबू आजमी ने बताया कि समाजवादी पार्टी आगामी बीएमसी चुनाव में 150 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारेगी.

# मुंबई : मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया राज्य में गरज के साथ बारिश का अनुमान...



**मुंबई :** राज्य में बारिश के रुक जाने से गर्मी और उमस बढ़ गई है। मानसून का प्रवाह कमजोर हो गया है, लेकिन राज्य में बारिश के लिए मौसम अनुकूल है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है क्योंकि आज राज्य में गरज के साथ बारिश का अनुमान है। मुंबई, कोंकण, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और विदर्भ में गरज के साथ बारिश की भविष्यवाणी की गई है। महाराष्ट्र में मानसून ने धमाकेदार एंट्री की है। चार-पांच दिन तक राज्य में बारिश हुई। लेकिन फिर बारिश ने ब्रेक ले लिया और राज्य में गर्मी बढ़ गई।

मानसून का सफर धीरे-धीरे शुरू हुआ। मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है, कुछ दिनों में मानसून महाराष्ट्र को कवर कर लेगा। लेकिन फिलहाल महाराष्ट्र में बारिश के लिए अनुकूल माहौल बना हुआ है। मौसम विभाग ने राज्य के 23 जिलों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बिजली गिरने के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# मुंबई : उद्धव और राज ठाकरे फिर साथ आ सकते हैं

**मुंबई :** महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे फिर साथ आ सकते हैं। गठबंधन के लिए उद्धव के बेटे आदित्य और राज के पुत्र अमित तैयार दिख रहे हैं। अब सबकी नजरें उद्धव और राज ठाकरे पर टिकी हैं। गौरतलब है कि 2005 में उद्धव के साथ मतभेदों का हवाला देते हुए राज ने शिवसेना से नाता तोड़ लिया था। 2006 में, राज ने अपनी पार्टी मनसे की स्थापना की थी। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के बीच गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर मनसे प्रमुख राज ठाकरे के बेटे अमित ने कहा कि गठबंधन करना है या नहीं, इस बारे में दोनों भाइयों (राज और उद्धव) को बात करनी होगी। उन्हे एक दूसरे का फोन उठाना होगा।



**ठाकरे भाइयों के साथ आने से कोई परेशानी नहीं: आदित्य**

अमित ने कहा,''मीडिया या अखबारों में चर्चा से गठबंधन नहीं होता। कुछ दिन पहले आदित्य ने भी संकेत दिया था कि उन्हें ठाकरे भाइयों के साथ आने से कोई परेशानी नहीं है।'' आदित्य ने कहा था, महाराष्ट्र के हित में हम किसी से भी हाथ मिलाने को तैयार हैं। अप्रैल में महायुति सरकार (भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा) ने महाराष्ट्र के सभी स्कूलों में पहली कक्षा से पांचवीं कक्षा तक च्हदी को अनिवार्य करने का आदेश जारी किया था।

**दोनों भाइयों के साथ आने को लेकर खास प्रगति नहीं हुई**

मनसे और शिवसेना (यूबीटी) ने न केवल इस निर्णय का विरोध किया, बल्कि उद्धव और ठाकरे ने मतभेदों को भुलाकर साथ आने का भी संकेत दिया। लेकिन पुनर्मिलन के संकेत के दो महीने बाद भी दोनों भाइयों के साथ आने को लेकर खास प्रगति नहीं हुई। अब जबकि इसी साल बृहन्मुंबई नगर महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव होने हैं, ठाकरे भाइयों के पुनर्मिलन की चर्चाएं जोरों पर हैं।

मनसे ने 2009 के विधानसभा चुनावों में 13 सीटें जीतकर शानदार शुरूआत की थी और पांच प्रतिशत वोट शेयर हासिल किया था। लेकिन, 2014 में मनसे को केवल एक विधानसभा सीट मिली। 2019 और 2024 में पार्टी खाता भी नहीं खोल सकी। उद्धव के नेतृत्व वाली शिवसेना के जनसमर्थन में भी गिरावट आई।

दोनों भाई अपनी-अपनी पार्टी को बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में कई लोगों की राय है कि गठबंधन करना ठाकरे चचेरे भाइयों और उनकी पार्टियों - के अस्तित्व के लिए एकमात्र समाधान है।

# मुंबई : मांगा था पांच लाख रुपये का घूस; रिटायर्ड इंस्पेक्टर को तीन साल जेल....

**मुंबई :** विशेष अदालत ने रिश्वतखोरी के मामले में रिटायर्ड असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश नाइक को दोषी ठहराया। 58 मामलों की जांच में सेवा को देखते हुए कोर्ट ने 3 साल की न्यूनतम सजा और भारी जुमार्ना लगाया। एक विशेष अदालत ने 2017 के रिश्वत मामले में मुंबई पुलिस के रिटायर्ड असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश नाइक को दोषी करार देते हुए तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। यह सजा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दी गई न्यूनतम सजा है। मामले में विशेष न्यायाधीश एस.ई. बंगर ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि आरोपी ने अपने करियर में करीब



58 आपराधिक मामलों की जांच की और आरोपियों को सजा दिलाई है। इस सेवा को देखते हुए अदालत ने नरमी दिखाते हुए अधिकतम सात साल की बजाय न्यूनतम तीन साल की सजा सुनाई, लेकिन इसके साथ भारी जुमार्ना भी लगाया।


**क्या था पूरा मामला, समझिए**

बता दें कि 2017 में महाराष्ट्र एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने नाइक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायत बीएमसी के ड्राइवर रामकृष्ण कुटे ने की थी, जो एक आपराधिक मामले में पहले गिरफ्तार हो चुका था। कुटे ने आरोप लगाया कि नाइक ने उससे मामले में ढील देने और हाजिरी आदेश में बदलाव के बदले 5 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी।

**रंगे हाथ पकड़े गए थे नाइक**

एसीबी ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए जाल बिछाया और नाइक को 30,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया था। अदालत ने इस मामले में नौ गवाहों की गवाही पर भरोसा जताते हुए माना कि अभियोजन पक्ष ने आरोपी के खिलाफ मामला सफलतापूर्वक साबित किया है।

# पुणे में बोले पर्यटन मंत्री- शनिवार वाड़ा का अनुभव बेहतर..



**पुणे :** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुणे स्थित ऐतिहासिक शनिवारवाड़ा में ऑडियो गाइड सिस्टम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पेशवाओं से जुड़ी पुणे की पेशवाई और शनिवारवाड़ा का ऐतिहासिक महत्व बहुत बड़ा है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटकों के अनुभव को और बेहतर बनाया जाएगा। शेखावत ने बताया कि यह धरोहर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अंतर्गत आती है और हर साल इसे करीब 10 लाख पर्यटक देखने आते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑडियो गाइड सिस्टम तीन भाषाओं, हिंदी, अंग्रेजी और मराठी में शुरू किया गया है, जिसके जरिए 40 मिनट की यात्रा में शनिवारवाड़ा का पूरा इतिहास सुनाया जाएगा।

## आपके शरीर में जमा फैट को कुछ यूं कम कर सकती है

# लाल-हरी मिर्ची



मिर्ची में पाया जाने वाले सक्रिय संघटक कैप्साइसिन मोटापा रोधी यानी की एंटी-ओबेसिटी और फैट कम करने वाले गुणों के लिए जाना जाता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने इस बात के पुख्ता सबूत ढूंढ निकाले हैं कि कैप्साइसिन के ये गुण कैसे मोटापे से संबंधित हार्मोन के प्रभावों को बढ़ा सकते हैं। सीएसआईआर-सेंट्रल फूड टेक्नोलिजक्ल रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधकताओं ने पाया है कि मिर्ची में मौजूद सक्रिय घटक कैप्साइसिन ओबेसटेटिन के प्रभाव को बढ़ा सकता है और इससे बॉडी के फैट को कम करने में मदद मिलती है।

ओबेसटेटिन एक प्रकार का हार्मोन है, जो खाना बंद करने के संकेत भेजता है। अध्ययन की मुख्य शोधकर्ता उमा वी मंजाप्पारा ने इस बारे में बताते हुए कहा कि पाचन तंत्र में पैदा होने वाले ये हार्मोन मस्तिष्क के माध्यम से संकेत देकर हमारे द्वारा खाना खाए जाने को प्रभावित करते हैं। यह हमारे दिमाग को इस बात का संकेत देते हैं कि हमारा पेट भर गया है। वहीं कैप्साइसिन ओबेसटेटिन के प्रभावों को बढ़ा देता है।

**भारतीय शोधकताओं ने बताई वजह**

### मेटाबॉलिज्म तेज करती है मिर्ची

कैप्साइसिन कोशिकाओं को उकसाने से लेकर कैटेकोलामाइन के स्राव द्वारा फैट कम करने में मदद करता है। कैटेकोलामाइन बीटा-एड्रीनर्जिक रिसेप्टर्स नाम के प्रोटीन से बंधा होता है, जो मेटाबॉलिज्म की दर को तेज करने का काम करता है। यह वसा ऊतकों की प्रतिक्रिया को बढ़ाता है, जिससे मोटापा घटता है। इसलिए इसे फूड में पाए जाने वाली एक फायदेमंद औषधि कहा जाता है।

### पाचन बेहतर बनाती है मिर्ची

शोधकर्ता ने कहा, हमारा मानना है कि अगर हार्मोन और न्यूट्रासूटिकल दोनों को साथ मिलाकर खाया जाए तो मिर्ची ओबेसटेटिन के साथ एक सुर में काम करेगी और फैट पाचन को बेहतर बनाएगी।

### प्रोटीन के उत्पादन को बढ़ाती है मिर्ची

उमा ने कहा कि किसी भी अपरिपक्व फैट कोशिकाओं को बढ़ने और परिपक्व फैट कोशिका बनने में 14 दिन लगते हैं। टीम ने एंजाइम के प्रकार लिपासेस की गतिविधियों का भी अध्ययन किया। यह एंजाइम फैट के पाचन में शामिल होते हैं। कैप्साइसिन और जेनिस्टिन, हार्मोन संवेदनशील लाइपेस, लिपोप्रोटीन लाइपेस और PPAR-गामा प्रोटीन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जाने जाते हैं। उमा ने कहा कि इसका मतलब है कि ये सभी हमारे लिए बहुत फायदेमंद हैं। लेकिन जब ओबेसटेटिन के साथ कैप्साइसिन और जेनिस्टिन को मिलाया जाता है तो कोशिकाओं में बनने वाले ट्राइग्लिसराइड्स की मात्रा 20 से 25 फीसदी कम हो जाती है, जबकि केवल ओबेसटेटिन का प्रयोग करने पर ऐसा नहीं होता। हालांकि ऐसा क्यों हैं इसके पुख्ता प्रमाण नहीं मिले हैं।

### इस जर्नल में प्रकाशित हुए निष्कर्ष

उन्होंने कहा कि कैप्साइसिन और जेनिस्टिन कोशिकाओं में लिपासेस के स्तर को बढ़ा सकता है, जिसके कारण कोशिकाओं में जमा अतिरिक्त फैट मेटाबॉलाइज्ड हो जाता है। अध्ययन के निष्कर्ष हाल ही में जर्नल सेल बायोकैमेस्ट्री एंज बायोफिजिक्स में प्रकाशित हुए।

---

**हेल्थ / खुलासा**

## घुटना आर जाड़ो में दर्द के ऐसे उपाय जिनको जानकर हमेशा के लिए भूल जाएँगे आप अपना दर्द



सर्दियाँ आते ही जोड़ों और घुटने के दर्द की समस्या बढ़ जाती है, जिसे अक्सर लोग दर्द की गोली खाकर पीछा छुड़ाने का प्रयास करते हैं, लेकिन वे भूल जाते हैं कि दर्द की गोली के ८ और पेट पर कितने होते हैं।

इस स्थिति में घरेलू उपाय घुटनों के दर्द, कमर दर्द आदि में बहुत फायदेमंद होते हैं और इस में हम आपको ऐसे ही जोड़ों के दर्द में बेहद कारगर 7 घरेलू उपाय बताएँगे-

**अश्वगंधा एवं सोंठ पाउडर :** इसके लिये 40 ग्राम नागौरी अश्वगंध पाउडर, 20 ग्राम सोंठ चूरण तथा 40 ग्राम की मात्रा में खाण्ड पाउडर लें। तीनों को मिक्स कर लें। घुटनों के दर्द में इस चूर्ण को 3-3 ग्राम मात्रा में सुबह शाम गर्म दूध के साथ लेने से जोडों के दर्द में और सूजन में बहुत अच्छा आराम मिलता है।

**मेथी दाना :** मेथी दाना का ङ्गल्ल३२ पर असर दर्द की गोली की तरह होता है। इसके लिये दाना मेथी का पाउडर आधा से एक चम्मच सुबह शाम खाने के बाद गर्म पानी से लें। दर्द में आराम मिलेगा।

**लहसुन का दूध :** इसके लिये 250 ग्राम दूध में 2-3 कली लहसुन की छील व कूट कर डाल दें। दूध को उबालें। सर्दियों में रात के समय इस दूध को पीने से जोड़ों की जकड़ाहट दूर होती है और दर्द एवं सूजन में आराम मिलता है। आयुर्वेद के अनुसार लहसुन वायु का नाश करता हैं जो की जोडों के दर्द का मुख्य कारण माना गया है।

**हल्दी का दूध :** हल्दी भी जोड़ों के दर्द व सूजन में बहुत गुणकारी होती हैं। इसके लिये 250 ग्राम दूध में चौथाई चम्मच हल्दी पाउडर डाल कर पीने से कुछ ही दिन में आपको बहुत आराम मिलता है।

**रासनादि क्वाथ एवं एरंड तेल :** रासनादि क्वाथ के लिये बहुत प्रसिद्ध दवा है। इसके लिये एक चम्मच रासनादि क्वाथ जो कि सूखा ही मार्केट में मिलता है को 200 पानी में डालकर उबालें। 50 पानी शेष रहने पर नीचे उतार कर छान लें। अब इस पानी में 20 मात्रा में मिलायें। रात में गर्म गर्म पीयें। इससे जोड़ो के दर्द, सूजन, जकडाहट का नाश होता है, कब्ज दूर होती है, पेट में हल्का पन आता हैं, गैस खतम होती है और शरीर मे हल्कापन आता है।

**मसाज एवं सेक:** जड़ी-बूटियों से बने तेल से मालिश करने के बहुत से फायदे बताये गये हैं इससे जोड़ो में चिकनाई आती है, जकड़ाहट दूर होती है, दर्द व सूजन में आराम मिलता है। इसके लिये 250 ग्राम सरसों के तेल को कढ़ाई में डाल कर गर्म करने के लिये गैस पर रखें। इसमें 8-10 कली लहसुन की छील कर डाल दें। गर्म तेल में एक एक चम्मच अजवायन, दानामेथी, सौंठ पाउडर भी डाल दें। जब सारा मसाला पक जाये तो पकने पर नीचे उतार लें ठन्डा होने पर किसी काँच की शीशी में डाल कर रख लें। सर्दियों में सुबह-सुबह की गुनगुनी धूप में इस तेल से घुटनों की मालिश करें या जिस भी में दर्द हो वहाँ मालिश करें। इससे जकड़ाहट, दर्द एवं सूजन में बहुत आराम मिलता है आप चाहें तो मार्केट से महानारायण तेल या पीडांतक तेल बना बनाया भी ले सकते हैं। जिसमें अनेक जड़ी बूटियां डली हुई होती हैं। मालिस के बाद गर्म पानी की बोतल से सेक भी सकते हैं।

---

## प्रमोशन चाहते हैं तो आपको करना होगा सिर्फ इतना सा काम




**हर कोई अपने करियर में सफल होना चाहता है। हम में से कई लोग इसके लिए कड़ी मेहनत भी करते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पाते। दिन-रात कड़ी मेहनत करने के बाद भी जब मनचाही सफलता नहीं मिलती तो व्यक्ति दुखी हो जाता है। इस खबर के माध्यम से हम आपको कुछ ऐसी वास्तु टिप्स दे रहे हैं, जो आपके लिए सफलता के दरवाजे खोल देगी।**

कहते हैं कि, जहां व्यक्ति दिन-रात बैठकर काम करता है वहां का वातावरण उसे बहुत प्रभावित करता है। अगर आपके आस-पास का वातावरण सही न हो तो व्यक्ति किसी काम में सफलता हासिल नहीं कर सकता। घर हो या दफ्तर उस जगह का वास्तु दोष से मुक्त रखना बहुत जरूरी होता है। वास्तु के अनुसार कार्यालय में काम करते समय व्यक्ति को अपना मुंह हमेशा उत्तर की ओर रखना चाहिए। कई वास्तु सलाहकारों का मानना है कि उत्तर दिशा को सफलता का प्रतीक माना गया है और कहा कि इस दिशा में बैठकर काम करने से सफलता जरूर मिलती है। कहते हैं कि घर में टीवी को भी इस जगह लगाएं कि जब कोई टीवी देखे तो उसका चेहरा उत्तर दिशा की ओर हो।

वास्तु के अनुसार उत्तर और दक्षिण दिशा में घर का प्रवेश द्वार नहीं बनाना चाहिए और न ही इन दिशाओं में बालकनी होनी चाहिए। घर को ऐसा बनाएं की पूर्व और पश्चिम दिशा से आने वाला सूर्य का प्रकाश घर के अंदर पहुंचे। कहते हैं पूर्व और पश्चिम दिशा से सूर्य का प्रकाश आने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता रहता है।

# नीति आयोग से संचालित कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को किया जाये लाभान्वित



**सोनभद्र** ।जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की, समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, कौशल विकास मिशन के तहत ब्लाक चतरा में योजनाओं से संतृप्त करने की प्रगति व इन्डीकेटर्स की फीडिंग में व इन्टीकेटर्स की प्रगति में शिथिलता बरतने पर जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकरी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, व जिला समन्वयक कौशल विकास को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में सरकार द्वारा जारी गाईड लाइन के अनुसार शिक्षा, स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित मानक के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये, इस कार्य में किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड चतरा में आये बदलाव का स्थलीय परीक्षण भी किया जाये और इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रति सप्ताह प्रस्तुत की जाये और ब्लाक में किये जा रहे कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाये, उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को 'अन्त्योदय' की संकल्पना का जीवन्त उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खण्ड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिएं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लाक क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए और नियमित अनुश्रवण हो, जनपद, ब्लॉक या व्यक्ति को विकास के लाभ से वंचित न रखा जाए। आकांक्षात्मक जनपद और विकास खण्ड जैसे कार्यक्रम 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निशान्त मिश्रा सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मछली शिकार पर प्रतिबंध-डीएम

**चित्रकूट**। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आदेश जारी करते हुए कहा कि यमुना नदी में एक जून से 31 अगस्त तक एवं जलाशयों में एक जुलाई से 31 अगस्त तक मछलियों का शिकार प्रतिबन्धित किया गया है। कहा कि कोई भी व्यक्ति इस अवधि में प्रजननशील मछलियों का शिकार नहीं करेगा। इसके साथ ही कोई भी 15 जुलाई से 30 सितंबर तक मत्स्य जीरा तथा अंगुलिका (दो से 10 इंच तक) न ही पकड़ेगा और न ही बेचेगा। कहा कि इस अवधि में विस्फोटक पदार्थ अथवा कृषि, रक्षा एवं व्यापारिक कार्य में प्रयुक्त होने वाले विषैले रसायन से मछलियों का शिकार करने वालों तथा मत्स्य जीरा, अंगुलिका और मछली पकड़ने वालों की मछलियां जब्त कर ली जायेगी। साथ ही उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 के तहत दण्ड भी दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर**। ।जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में कराए जाने वाले विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अधिशासी अधिकारियों द्वारा नगर निकायों में सीसीटीवी कैमरेए पिंक शौचालयए वाहन पार्किंगए वेल्डिंग जोनए रेन बसेराए विद्यालयों में टाईलीकरण तथा बारात घर जैसे कार्य के प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक के अनुरूप कराए जाएं। उन्होंने विशेष रूप से विद्यालयों में अच्छे ढंग से गेट का निर्माणए कमरों में टाइल्स लगवानेए स्मार्ट क्लास की स्थापना एवं रंगाई.पुताई जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए



जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाए जाएं तथा उनकी निगरानी के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों में नाइट विजन युक्त एआई कैमरे शामिल किए जाएं तथा कुछ स्थानों पर एमपीआर कैमरे भी लगाए जाएं ताकि सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जा सके।

# सचिव ने नगर निकायों का गहन स्थलीय निरीक्षण किया



**अंबेडकर नगर** । सचिव नगर विकास विभाग अनुज कुमार झा ने आगामी त्योहारों एवं दिवस यथा गंगा दशहराए विश्व पर्यावरण दिवस तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस द्ध के दृष्टिगत नगरीय निकायों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों का किया स्थलीय निरीक्षण संबंधित अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश। सचिन नगर विकास अनुज कुमार झा ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के साथ नसीरपुर बरवां वार्ड व राबीपुर बहाउद्दीनपुर वार्ड में टांडा मार्गए रसूलाबाद वार्ड में पार्क रोड आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर जल निकासी व्यवस्थाए बकरीद की तैयारियों आदि की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर सचिव ने कहा कि वर्षा से पूर्व समस्त नालों की सही एवं बेहतर ढंग से सफाई सुनिश्चित कर ली जाएए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगर निकाय में कहीं पर भी जल जमाव की समस्या न उत्पन्न हो। उन्होंने सभी निकायों के सभी वार्डों में नियमित अच्छी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित रखने की निर्देश दिए।

इस अवसर पर सचिव द्वारा गंगा दशहरा के अवसर पर नगर निकायों में की गई व्यवस्थाओंए पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण के जागरूकता कार्यक्रमों एवं वृक्षारोपण के कार्यक्रमों की भी जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सचिव नगर विकास विभाग झा ने वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों को नियमित आयोजित करने तथा अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकरीद की तैयारी को बेहतर ढंग से पूर्ण करने तथा सभी स्थलों पर बेहतर साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने शौचालय एवं टैंकर आदि की पर्याप्त उपलब्धता एवं साफसफाई सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस तथा 15 जून से आरंभ होने वाले योग सप्ताह में बृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिएए साथ ही 21 जून को योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व सचिव नगर विकास के हवाई पट्टी सर्किट हाउस में आगमन पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्लाए अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ताए अधिशासी अधिकारी बीना सिंहए अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा आदि द्वारा स्वागत किया गयाए इस अवसर पर सचिव महोदय को गार्ड आफ ऑनर भी दिया गया।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित होगा भाजपा का विशेष अभियान




**अयोध्या**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण विषयक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में पार्टी पदाधिकारियों की महानगर व जिला कार्यशालाएं भाजपा कार्यालय सहादतगंज में आयोजित की गईं।

महानगर कार्यशाला में क्षेत्रीय महामंत्री एवं महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहाए मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को घर.घर पहुंचाना हर कार्यकर्ता का दायित्व है। भारत आज आत्मनिर्भर और वैश्विक नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नित विकास की नई उचाईयों को छू रहा है। यह प्रधानमंत्री को दूरदर्शिता का परिणाम है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहाए जन.जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचा हैए और इस अभियान के तहत इसे जन.जन तक पहुंचाना है।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा के मोदी सरकार युवाओं को नए अवसर मिलें हैंए किसान समृद्ध हुए हैंए गरीबों के जीवन में सुधार हुआ हैए महिलाओं का उत्थान हुआ हैए श्रमिकों सम्मान मिला है। सरकार के मूल में लोक कल्याण की भावना निहित है।

जिला कार्यशाला में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार में हुए बदलाव को प्रत्येक भारतीय ने किसी न किसी रूप में महसूस किया है। पीएम मोदी ने विकासवाद को राजनीति के केन्द्र में ला दिया है। अब राजनीति सेवा और समग्र विकास की होनी चाहिए।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहाए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी अलग पहचान बनाई हैए यह अमृतकाल संकल्प से सिद्धि की दिशा में कदम है। विधायक चंद्रभान पासवान ने कहाए गरीबों के कल्याण के लिए जितना काम मोदी सरकार ने किया हैए उतना आज तक किसी ने नहीं किया। अभियान के माध्यम से हम इसकी व्यापक जानकारी जनमानस तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह और महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को अभियान की कार्ययोजना से अवगत कराते हुए सक्रिय सहभागिता का निर्देश दिया। मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 11 व 12 जून को प्रेस वार्ताए प्रदर्शनी व प्रबुद्ध समागमए 9 जून से 9 जुलाई तक बदलता भारत मेरा अनुभव डिजिटल प्रतियोगिताए 13.15 जून तक विकसित भारत संकल्प सभाए 19.21 जून विश्व योग दिवसए 16.18 जून चौपालए 23 जून श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर पौधरोपण तथा 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महानगर कार्यशाला में अभिषेक मिश्राए प्रतिमा शुक्लाए परमानंद मिश्राए शैलेंद्र कोरीए तिलक राम मौर्याए संजय निषादए सूरज सोनकरए अमल गुप्ताए दिव्य प्रकाश तिवारीए रवि शर्माए बबलू मिश्रा व जिला कार्यशाला में कार्यक्रम संयोजक राघवेन्द्र पाण्डेयए पूर्व जिला अवधेश पाण्डेय बादलए कमला शंकर पांडेए कोऑपरेटिव चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह टिल्लूए सरोज मिश्र शीतला शुक्लए कृष्ण कुमार पाण्डेयए अखंड प्रताप सिंह डिम्पलए

# राहुल शतक के करीब, भारत ए ने दिखाया दम

नॉर्थम्प्टन



**सलामी** बल्लेबाज लोकेश राहुल की नाबाद 93 रन की पारी के बूते भारत ए ने इंग्लैंड लायंस (ए टीम) के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को चाय तक तीन विकेट पर 213 रन बना लिए। चाय के विश्राम के समय राहुल के साथ विकेटकीपर ध्रुव जुरेल 37 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। राहुल और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए अब तक 87 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। पहले सत्र में बारिश के कारण गंवाए गए ओवरों की भरपाई के लिए खेले गए लंबे दूसरे सत्र में भारतीय बल्लेबाजों ने अनुकूल पिच पर अच्छा प्रदर्शन किया। क्रिस वोक्स (30 रन पर तीन विकेट) को छोड़कर लायंस का कोई भी गेंदबाज प्रभाव नहीं छोड़ सका। भारत ने दूसरे सत्र में करुण नायर के रूप में एकमात्र विकेट गंवाया। नायर 40 रन पर वोक्स की गेंद पर पगबाधा हुए। राहुल ने 143 गेंदों पर 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 93 रन बनाए। उन्होंने नायर के साथ तीसरे विकेट के लिए 89 रन की मजबूत साझेदारी की। नायर के आउट होने के बाद और खासकर अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद राहुल ने आक्रामक रुख अपनाया और तेजी से शतक के करीब पहुंच गए। इंग्लैंड के हरफनमौला खिलाड़ी वोक्स भारत के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मैच के लिए टेस्ट टीम में चुने जाने के बाद अपनी फिटनेस साबित करने के साथ मैच अभ्यास के लिए इस मुकाबले में खेल रहे हैं। ऐसा लग रहा था कि वे अपनी लय में आ गए हैं।वोक्स ने गेंद को दोनों ओर स्विंग करा भारतीय बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती देते हुए काउंटी ग्राउंड पर तीनों विकेट चटकाए।यशस्वी जायसवाल (17) और अभिमन्यु ईश्वरन (11) पहले सत्र में आउट हुए। नायर ने 71 गेंदों पर 40 रन की पारी के दौरान चार चौके लगाए,वह बड़ा स्कोर बनाने की ओर अग्रसर दिख रहे थे लेकिन वोक्स और जॉर्ज हिल ने उन्हें परेशान किया।भारतीय पारी के 34वें ओवर में वोक्स की गेंद नायर के बल्ले से किनारा लेकर गली क्षेत्र के पास से चौके के लिए चली गई। वह हालांकि अगली अंदर आती अगली गेंद पर समय पर अपना बल्ला नीचे नहीं रख पाए और पगबाधा करार दिए गए। इंग्लैंड टीम के एक और गेंदबाज जोश टंग ने हालांकि लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे।

## उम्मीद है कि विश्व टेस्ट फाइनल में 2012 का प्रदर्शन दोहराएंगे : स्मिथ

**जोहानिसबर्ग।** तेरह वर्ष पहले लॉर्ड्स पर ही दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक पर ले जाने वाले पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने उम्मीद जताई है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 जून से उसी मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में तेंबा बावुमा की टीम इतिहास को दोहराएगी। स्मिथ की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका ने 2012 में लॉर्ड्स पर इंग्लैंड को हराकर टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। स्मिथ ने 259 रन बनाए थे जो किसी विदेशी बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर भी है। दक्षिण अफ्रीका की नजरें दो दशक से अधिक समय में पहले आईसीसी खिताब पर है जिसे पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल में भारत के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था।

## 4एस पुणेरी बप्पा ने महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स को हराया

पुणे। 4एस पुणेरी बप्पा ने महाराष्ट्र प्रीमियर लीग के वर्षाबाधित मैच में रत्नागिरी जेट्स को आठ विकेट से हराया। निक्कि धूमल ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुर्तजा ट्रंकवाला ने 32 रन बनाए। रत्नागिरी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन 3 . 5 ओवर में उसके दो विकेट 20 रन पर गिर गए। इसके बाद तेज बारिश के कारण अंपायरों को मैच प्रति टीम आठ ओवर का करना पड़ा। निखिल नाईक ने 13 गेंद में 31 रन बनाकर रत्नागिरी को पांच विकेट पर 69 रन तक पहुंचाया जिसे डीएलएस प्रणाली के आधार पर 71 रन का कर दिया गया। पुणेरी बप्पा के लिए ट्रंकवाला ने 20 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों के साथ 32 रन बनाए।

## एसीजी स्पोर्ट्स ने पुरुष और महिला वर्गों के लिए पेशेवर लीग की घोषणा की

**मुंबई।** भारतीय बास्केटबॉल महासंघ और एसीजी स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को यहां 5x5 और 3x3 प्रारूपों में पुरुष और महिला वर्गों के लिए पेशेवर लीग की घोषणा की। ऑस्ट्रेलिया के नेशनल बास्केटबॉल लीग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी और कमिश्नर जेरेमी लोइलिगर एसीजी स्पोर्ट्स के निदेशक के तौर इस लीग के विकास के प्रभारी होंगे। वह इस भूमिका में लीग से जुड़े शासन, प्रतियोगिता और वाणिज्यिक पहलुओं के अंतरराष्ट्रीय मानकों को यहां लाएंगे। बीएफआई अध्यक्ष आधव अर्जुन ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, यह साझेदारी दूरदृष्टि और लंबे समय तक सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए भारतीय बास्केटबॉल की वास्तविक समझ पर आधारित है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य एशियाई खेलों और ओलंपिक में पदक जीतना है।

## सात्विक-चिराग इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल टीम शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के मैन वेई चोंग और टी काई वुन से हारकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई।यहां 2023 में खिताब जीतने वाली भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ 43 मिनट तक चले मुकाबले में 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। मलेशिया की टीम की पांच मुकाबलों में भारतीय जोड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है।सात्विक-चिराग की हार के साथ प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गई।भारतीय जोड़ी को अपनी सर्विस और रिटर्न में संघर्ष करना पड़ा।

# अल्काराज फाइनल में, मुसेटी चोटिल

● फ्रेंच ओपन

पेरिस



**गत चैंपियन** कार्लोस अल्काराज शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी के चौथे सेट की शुरुआत में चोट के कारण मुकाबले से हटने से फाइनल में पहुंच गए। आठवीं वरीयता प्राप्त इटली के मुसेटी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया उस समय अल्काराज 4-6, 7-6, 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे।स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने फाइनल में जगह पक्की होने के बाद कहा, इस तरह का मैच जीतना बहुत अच्छी बात नहीं है। लोरेंजो एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। इस 22 साल के खिलाड़ी ने कहा, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं और उनके जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही फिर से कोर्ट पर देख पाऊंगा। मुसेटी ने तीसरे सेट के आखिर में बाईं जांघ का उपचार कराया। उन्होंने चौथे सेट की शुरूआत में भी उपचार लिया लेकिन इससे मदद नहीं मिली। तेईस वर्षीय मुसेटी तीसरे सेट के 16 मिनट बाद 5-0 से पीछे थे, जब उन्होंने ट्रेनर को बुलाया। अल्काराज ने अगले गेम में मुसेटी की सर्विस तोड़कर 21 मिनट में सेट जीत लिया। इस सेट में अल्काराज ने 29 में से 24 अंक जीते। मुसेटी कोर्ट में दौड़ लगाने में काफी परेशानी हो रही थी। उन्होंने फिर से ट्रेनर को बुलाया। अल्काराज ने चौथे सेट में उनकी सर्विस तोड़कर 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मुसेटी धीरे-धीरे नेट की ओर बढ़े और अल्काराज ने उन्हें गले लगाया।अल्काराज नेपहले सेट में 16 गलतियां की जिसे मुसेटी ने अपने नाम किया। अल्काराज ने कहा,पहले दो सेट वाकई मुश्किल थे।

## वाणी आखिरी नौ होल में चार बर्डी के दम पर बनी चैंपियन

**बेंगलुरु।** वाणी कपूर ने खराब शुरुआत से उबरते हुए आखिरी नौ होल में चार बर्डी लगाकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के आठवें चरण में शानदार जीत दर्ज की। यह मौजूदा सत्र में वाणी का चौथा खिताब है। वाणी तीसरे दौर में आठ होल के बाद दो ओवर के स्कोर के साथ पिछड़ रही थी लेकिन उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाने के बाद 12वें से 15वें होल में लगातार चार बर्डी के दम पर शानदार वापसी कर तीन अंडर 67 का कार्ड खेला। वाणी ने कुल पांच अंडर 205 (67-71-67) का स्कोर कर तीन शॉट से जीत दर्ज की।एमेच्योर जारा आनंद (67) ने पेशेवर सर्किट पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ दूसरे स्थान पर रही। उन्होंने दो अंडर 208 का स्कोर किया।

## सप्तक तलवार की स्विस चैलेंज गोल्फ में अच्छी शुरुआत

ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड)। भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में दो अंडर 69 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 39वें स्थान पर है।तलवार ने बैक नाइन से शुरुआत की और 11वें, 16वें और 18वें होल में बर्डी हासिल की। उन्होंने छठे होल में दिन का अपना एकमात्र शॉट गंवाया और 69 का कार्ड बनाया।यह 26 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह चैलेंज डे कैडिज़ में कट से चूकने के बाद इस सप्ताह अपनी गलती सुधारना चाहेगा। तलवार इस सप्ताह से पहले सात प्रतियोगिताओं में दो बार कट से चूके हैं।

# भारतीय कंपाउंड टीम तीरंदाज विश्व कप से बाहर



**अंताल्या (तुर्की)।** भारतीय कंपाउंड तीरंदाजों ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में निराशाजनक प्रदर्शन किया तथा कोई भी खिलाड़ी व्यक्तिगत वर्ग में पदक दौर तक नहीं पहुंच सका।शंघाई में पिछले चरण में दो स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक के साथ दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर रहने वाला भारत यहां अभी तक पदकों का खाता नहीं खोल पाया है।चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले विश्व कप की विजेता मधुरा धामनगांवकर को क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको की पांचवीं वरीयता प्राप्त मारियाना बर्नल ने हराया। मधुरा को महिला व्यक्तिगत वर्ग में 152-159 से हार का सामना करना पड़ा।विश्व चैंपियन अदिति स्वामी भी अंतिम आठ चरण में मैक्सिको की दूसरी वरीयता प्राप्त एंड्रिया बेसेरा से 147-152 से हारकर बाहर हो गईं।पुरुष वर्ग में 13वीं वरीयता प्राप्त ऋषभ यादव क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के 28वीं वरीयता प्राप्त निकोलस गिरार्ड से 149-157 से हार गए।यादव ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में अपने सीनियर साथी अभिषेक वर्मा को 157-154 से हराया था। विश्व चैंपियन ओजस देवताले को पहले ही दौर में अमेरिका के जेम्स लुट्ज़ से 157-161 से हार का सामना करना पड़ा।इससे पहले गुरुवार को भारत रिकर्व और कंपाउंड दोनों वर्गों की टीम स्पर्धाओं से भी बाहर हो गया था। भारतीय खिलाड़ी अब मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना भाग्य आजमाएंगे। इसके अलावा भारत की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धाओं पर भी उम्मीदें टिकी होंगी।

## प्रो लीग के यूरोपीय चरण में हॉकी टीम की नजरें विश्व कप में सीधे जगह बनाने पर

**एम्स्टेलवीन ( नीदरलैंड )।** बेल्जियम और नीदरलैंड में अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने की कवायद में भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अधिकतम अंक जुटाने की कोशिश में होगी।हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली टीम इस समय प्रो लीग की तालिका में आठ मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। बेल्जियम और इंग्लैंड के 16 अंक हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में अच्छे प्रदर्शन से भारत की अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने की संभावना बढ जाएगी। कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि टूर्नामेंट की अहमियत को देखते हुए अनुभव पर भरोसा किया गया है। उन्होंने कहा , यह सभी को पता है कि विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का यह भी एक रास्ता है। हमारी प्राथमिकता वही है कि यहां से सीधे विश्व कप का टिकट कटाएं। उन्होंने कहा , अगर नहीं हो पाता है तो अगस्त में भारत में एशिया कप होना है। लेकिन हमारी कोशिश यहीं से अधिकतम अंक लेकर विश्व कप में जगह बनाने की होगी। इस साल की शुरूआत में भुवनेश्वर में खेले गए प्रो लीग के घरेलू चरण में भारत ने आठ में से पांच मैच जीतकर 15 अंक बनाए थे। यूरोप चरण में भारत को शनिवार को मेजबान नीदरलैंड से खेलना है और दूसरा मैच नौ जून को होगा। इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना से, 14 और 15 जून को आस्ट्रेलिया से और 21 और 22 जून को एंटवर्प में बेल्जियम से खेलना है। भारतीय टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के हाथ में है जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान हैं।भारत ने यूरोप चरण के लिए 24 अनुभवी खिलाड़ियों की टीम चुनी है। गोलकीपिंग का दारोमदार कृशन बहादुर पाठक और सूरज करकेरा पर होगा जबकि डिफेंस का जिम्मा अनुभवी अमित रोहिदास, हरमनप्रीत , जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय और नीलम संजीप सेस संभालेंगे। मिडफील्ड में पूर्व कप्तान मनप्रीत सिंह, हार्दिक, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकांता शर्मा, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल और राजिंदर सिंह हैं। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह हैं।कोच फुल्टोन ने स्वीकार किया कि कुछ कमजोर कड़ियों पर टीम को काम करना होगा।

## ठाणे : बकरीद 2025 के अवसर पर कल्याण उप-विभाग के लिए विस्तृत यातायात सलाह जारी...




**ठाणे :** सिटी पुलिस ने बकरीद 2025 के अवसर पर कल्याण उप-विभाग के लिए विस्तृत यातायात सलाह जारी की है। कल्याण शहर में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए, विशेष रूप से दुगार्दी ईदगाह में, जहाँ मुस्लिम समुदाय ईद की नमाज अदा करता है। इसके साथ ही, दुगार्दी किले में स्थित दुर्गा माता मंदिर में घंटी बजाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। लाल चौकी और दुर्गा माता चौक के बीच यातायात की आवाजाही बैरिकेड्स लगाकर प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस उपायुक्त (यातायात), पंकज शिरसाट ने कल्याण शहर के लिए यातायात सलाह जारी की है। बकरीद का त्यौहार कल्याण यातायात उप-विभाग की सीमा के भीतर 7 जून या 8 जून (चाँद दिखने के अनुसार एक दिन आगे या पीछे) को मनाया जाएगा, और उक्त क्षेत्र में यातायात की भीड़ से बचने के लिए, प्रवेश द्वार बंद रहेंगे और सलाह के अनुसार वैकल्पिक मार्ग प्रदान किए जाएंगे।

# 'पति के पास बहुत पैसा है, पांच लाख नहीं.. एक करोड़ रुपये दें मुआवजा';

## तलाक के मामले में अदालत का फैसला...




**मुंबई :** मुंबई की एक सत्र अदालत ने घरेलू हिंसा से जुड़े एक मामले में चौंकाने वाला फैसला सुनाया है। अदालत ने एक महिला को दी जाने वाली मुआवजा राशि पांच लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये कर दी और कहा कि उसका पति काफी अमीर है। अदालत ने कहा कि महिला का पति, जो एक लिफ्ट कंपनी चलाता है, और उसका परिवार करोड़पति है। अदालत ने मुआवजे के अलावा, महिला और उसकी बेटी को दिए जाने वाले मासिक गुजारा भत्ते को भी एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये कर दिया और कहा कि अपने पति के साथ रहते हुए शिकायतकर्ता द्वारा झेली गई शारीरिक और मानसिक यातना की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पिछले महीने सुनाए गए अपने आदेश में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (डिंडोशी न्यायालय) एस जे अंसारी ने फैसला सुनाया कि यह ध्यान में रखते हुए कि महिला ने 20 वर्षों तक यातना और अपमान सहन किया, ऐसे में मजिस्ट्रेट द्वारा सुनाया गया 5 लाख रुपये का प्रारंभिक मुआवजा बहुत कम है।

41 वर्षीय पीड़िता ने घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम के तहत मजिस्ट्रेट द्वारा फरवरी 2020 में तय किए गए मुआवजे के आदेश को चुनौती दी थी। उसने आरोप लगाया कि दिसंबर 1997 में उसकी शादी के बाद से पति और ससुराल के लोगों ने उसे शारीरिक और मानसिक यातना दी। सत्र न्यायालय ने कहा कि लगभग 20 वर्षों के वैवाहिक जीवन में पिटाई, गंभीर हमले, ताने और यहां तक कि आर्थिक तंगी झेलने के बाद महिला को अंतिम उपाय के रूप में भरण-पोषण के लिए कानूनी मदद लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। अदालत ने कहा कि अपने पति के साथ रहते हुए महिला द्वारा झेली गई शारीरिक और मानसिक यातना की कल्पना करना मुश्किल है। महिला के पति ने दावा किया था कि वह अपनी पत्नी के व्यवहार से परेशान है और उसकी वित्तीय स्थिति अब खराब हो गई है। पति ने कहा कि वह खुद के और अपने जुड़वां बेटों के किराये के मकान का भुगतान करता है तथा वह उनकी शिक्षा और रहने के खर्चों का खयाल रखता है, जिस कारण उसके पास कुछ भी नहीं बचता। इस पर अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता के साथ उसके पति ने घरेलू हिंसा की। अदालत ने कहा कि महिला के पति और ससुर के पास 2012 में जमीन और एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत का फ्लैट खरीदने की वित्तीय क्षमता थी। अदालत ने कहा कि पति अपनी पूरी कोशिश करने के बावजूद यह साबित नहीं कर सका कि उसकी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है। साक्ष्यों का हवाला देते हुए अदालत ने कहा कि वह व्यक्ति और उसका परिवार करोड़पति है।

# मुंबई : व्यापारिक सहयोगी ने ₹3.6 करोड़ के हीरे ठग लिए...

## डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज...



**मुंबई :** ओपेरा हाउस के एक हीरा व्यापारी ने डीबी मार्ग पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बेंगलुरु में एक ग्राहक के साथ उच्च मूल्य के सौदे के बहाने उनके एक व्यापारिक सहयोगी ने उनके साथ ₹3.6 करोड़ के हीरे ठग लिए। मुंबई के वीपी रोड स्थित बंगाडवाड़ी निवासी संतोष बालकृष्ण लोनंदकर (60), जो पिछले 35 वर्षों से रत्न और आभूषण आयात-निर्यात व्यवसाय में हैं, ने आरोप लगाया कि पुष्पेंद्र अंगारा नामक एक ज्ञात सहयोगी ने उनके साथ धोखाधड़ी की है, जिसके साथ वे कई वर्षों से व्यापार कर रहे थे।

लोनंदकर की शिकायत के अनुसार, अंगारा ने 9 अक्टूबर, 2024 को उनसे संपर्क किया और दावा किया कि बेंगलुरु में उनके पास एक खरीदार है जो लगभग 500 कैरेट सफेद फुल-कट हीरे, विशिष्ट आकार श्रेणी खरीदना चाहता है। अंगारा ने वादा किया कि एक बार जब ग्राहक हीरे की गुणवत्ता को मंजूरी दे देगा, तो भुगतान पूरा कर दिया जाएगा, या तो चेक या नकद में। अंगारा के प्रस्ताव और पिछले कारोबारी विश्वसनीयता से आश्वस्त होकर, लोनंदकर ने आवश्यक 507.04 कैरेट हीरे की व्यवस्था की, जिसे ₹71,002 प्रति कैरेट की मौजूदा बाजार दर पर खरीदा गया, जिसकी कुल कीमत ₹3,60,00,900 थी। हीरे 22 अक्टूबर, 2024 को अंगारा को दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित एक औपचारिक जंगद (खेप) रसीद के तहत सौंप दिए गए। अंगारा ने आश्वासन दिया कि वह हीरे वितरित करने और खरीदार से भुगतान लेने के बाद 10 दिनों के भीतर वापस आ जाएगा।

## मुंबई : बांद्रा के शांगरीला अपार्टमेंट में मालिक के समय रहते वापस आ जाने के कारण चोर को खाली हाथ भागना पड़ा

**मुंबई :** बांद्रा के शांगरीला अपार्टमेंट में एक चोर ने दो फ्लैटों में सेंध लगाई। हालांकि, एक फ्लैट के मालिक के समय रहते वापस आ जाने के कारण चोर को खाली हाथ भागना पड़ा। आरोपी ने रेबोलो रोड स्थित बिल्डिंग में सेंध लगाई। चोर ने शिकायतकर्ता, तुषार मेहता, 62, जो पहली मंजिल पर रहते हैं, के आवास, बगल के फ्लैट और दूसरी मंजिल पर एक घर को निशाना बनाया। जबकि मेहता एक मीडिया फर्म इंडियन एक्सप्रेस कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं, अगले दरवाजे का फ्लैट एक डॉक्टर का है, जो घटना के समय वसई गए थे। दूसरी मंजिल के आवास का मालिक पिछले दो महीनों से संयुक्त राज्य अमेरिका में है। मेहता ने कहा कि जब वह और उनकी पत्नी पुणे से लौटे, तो उन्होंने देखा कि उनके फ्लैट के साथ-साथ डॉक्टर के फ्लैट का भी ताला टूटा हुआ था।

## मुंबई : तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत

**मुंबई :** लालबाग के गरमखड़ा जंक्शन के पास एक तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। पीड़ित, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गया और केईएम अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। कालाचौकी पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना सुबह करीब 10 बजे दादर की ओर जाने वाली उत्तर दिशा की सड़क पर हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि व्यक्ति को तेज गति से आ रहे कचरा ढोने वाले डंपर ने टक्कर मार दी। चौंकाने वाली बात यह है कि घायल व्यक्ति की मदद करने या अधिकारियों को सूचित करने के बजाय, डंपर चालक दुर्घटना के तुरंत बाद मौके से भाग गया ।

## गोरेगांव के तीन नाबालिग लड़के जंगल में खो जाने के बाद बचा लिए गए



**मुंबई :** गोरेगांव के तीन नाबालिग लड़के, जो कर्जत और लोनावाला रेलवे स्टेशनों के बीच स्थित केपी फॉल्स के पास रील शूट करने आए थे, रात में जंगल में खो जाने के बाद बचा लिए गए। 14 से 16 साल के किशोर लड़के रास्ता भटक गए थे और खोपोली पुलिस और सामाजिक कार्यकताओं ने तलाशी अभियान के बाद उन्हें ढूंढ निकाला। लड़कों- रोशन विश्वकर्मा रामस्वरूप (14), मन्नत केवट (14) और अभिनव वेणुगोपाल (16) को सुरक्षित रूप से बोरघाट के पास दत्त मंदिर लाया गया और फिर खोपोली पुलिस स्टेशन ले जाया गया, जहाँ उनके माता-पिता के आने तक उन्हें निगरानी में रखा गया।

# "मैंने उसे मार डाला"... दर्शन के बाद पत्नी का कत्लेआम, पति खुद पहुंचा पुलिस थाने

**सोलापुर:** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने न केवल पुलिस तंत्र को, बल्कि आम नागरिकों को भी झकझोर कर रख दिया है। यहां एक पति ने पहले अपनी पत्नी के साथ मंदिर में दर्शन किए, फिर लौटते समय सुनसान घाट में ले जाकर चाकू से उसकी नृशंस हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने खुद पुलिस थाने पहुंचकर अपना गुनाह कबूल किया। इस सनसनीखेज वारदात में मृत महिला की पहचान शुभांगी सचिन राजपूत (29 वर्ष) के रूप में हुई है, जबकि आरोपी पति का नाम सचिन राजपूत (32 वर्ष) है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

**पहले धर्मस्थल की यात्रा, फिर जानलेवा साजिश**

गुरुवार को सचिन और शुभांगी ने एक साथ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जोतिबा मंदिर में दर्शन किए थे। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में बिताए उस




दिन के बाद कोई कल्पना भी नहीं कर सकता था कि यह यात्रा हत्या जैसी क्रूर वारदात में बदल जाएगी। मंदिर से लौटते समय दोनों ने एक सुनसान घाट क्षेत्र का रास्ता लिया।

**"मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।"**

जैसे ही दोनों घाट के बीचोंबीच पहुंचे, वहां सचिन ने चाकू निकाला और पत्नी शुभांगी पर बेरहमी से वार करने लगा। कई वारों के बाद महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। खून से सना शव सुनसान इलाके में झाड़ियों के बीच पड़ा रहा और आरोपी वहां से निकलकर घर गया, फिर सीधे सोलापुर के एक पुलिस थाने पहुंचा और बोला, "मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।" सचिन की इस चौंकाने वाली कबूलनामा के बाद पुलिस तत्काल हरकत में आई। शुक्रवार सुबह पुलिस दल ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और घटनास्थल पर जाकर जांच की। मौके पर पहुंचने पर झाड़ियों के बीच महिला का शव मिला, जो खून से लथपथ था। शव को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता था कि हमला कितनी क्रूरता से किया गया था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, सचिन और शुभांगी पिछले कुछ महीनों से एक किराए के मकान में साथ रह रहे थे। पड़ोसियों का कहना है कि उनके बीच अक्सर कहा-सुनी होती रहती थी, लेकिन किसी को यह अंदेशा नहीं था कि घरेलू कलह इतनी भयावह रूप ले लेगी।

पुलिस अब इस बात की जांच में जुटी है कि हत्या के पीछे वास्तविक कारण क्या था – क्या यह अचानक हुए झगड़े का नतीजा था, या पहले से सोची-समझी साजिश? पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com